Need for regular flight to Jorhat from New Delhi

श्री कामाख्या प्रसाद तासा **(काजीरंगा) :** सभापति महोदय, मैं काजीरंगा से चुन कर यहां आया हूं । इससे पहले मैं जोरहाट का माननीय सांसद था । जोरहाट का एयरपोर्ट काजीरंगा से बहुत नजदीक है। काजीरंगा में बहुत सारे टूरिस्ट्स एवं स्टूडेंट्स जाते हैं और जोरहाट से बहुत सारे स्टूडेंट्स एवं पेशेंट्स इंडिया के बाहर बहुत सारे देशों में जाते हैं, लेकिन वहां पर एक ही फ्लाइट है, जो इंडिगो चलाती है ।

महोदय, मैंने मिनिस्टर साहब से भी रिक्वेस्ट की है कि और एक फ्लाइट चलाई जाए जो दिल्ली-कोलकाता-जोरहाट चले । अभी जो फ्लाइट चलती है, उसका कोलकाता में बहुत टाइम ले-आउट है । इसके कारण हम लोगों को बहुत प्रॉब्लम होती है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करता हूं कि दिल्ली से जोरहाट के लिए फ्लाइट दिया जाए, जो जोरहाट से भी दिल्ली के लिए आएगी । दिन में दो फ्लाइट्स होने से यातायात में सुविधा होगी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मंत्रालय से रिक्वेस्ट करता हूं कि यह फ्लाइट ग्रांट की जाए ताकि सबको बेनिफिट मिल सके ।